# कक्षा 3 हिंदी

# पाठ – 4 (बहादुर बित्तो)

---

## कहानी में ढूँढो

**प्रश्न 1. शेर किसान से क्या लेने गया था?**

**उत्तर–** शेर किसान से उसका बैल लेने गया था|

**प्रश्न 2. शेर ने बि त्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया?**

**उत्तर–** बित्तो ने सिर पर बड़ा-सा पग्गड़ बाँध रखा था और उसके हाथ में दराँती भी थी| उसने किसान से कहा कि तुमने तो कहा था कि चार शेर फाँस रखे है| चलो, नाश्ते में एक ही शेर काफी है| इसलिए शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया था|

**प्रश्न 3. बैल की जान कैसे बच गई?**

**उत्तर–** बैल की जान बित्तो के उपाय से बच गई| उसने धैर्य से काम लिया| शेर ने बित्तो को चार शरों का नाश्ता करने वाली समझ लियाऔर भाग गया|

## तुम्हारी ज़बानी

**नीचे कुछ शब्दों के नीचे रेखाएँ हुई हैं| उन्हें ध्यान में रखते हुए नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो|**

**प्रश्न 1. बित्तो घोड़े पर<u>सवार हो गई</u>|**

**उत्तर-**घोड़े पर बित्तो सवार हो गई|

**प्रश्न 2. तुम घर की गाए को शेर के<u>हवाले कर रहे थे</u>|**

**उत्तर-** घर की गाय को तुम शेर के हवाले कर रहे थे|

**प्रश्न 3. आज एक राक्षसी से<u>पला पड़ गया|</u>**

**उत्तर-** एक राक्षसी से आज पाला पड़ गया|

**प्रश्न 4. अगर बैल आपके<u>हाथ न आए</u>तो मेरा नाम भेड़िया नहीं|**

**उत्तर-** आपके हाथ अगर बैल न आए तो मेरा नाम भेड़िया नहीं|

**प्रश्न 5. शेर को देखते ही किसान के<u>होश-हवास गम हो गए</u>|**

**उत्तर-** किसान के शेर को देखते ही होश-हवास गम हो गए|

## बेचारा भेड़िया!

**प्रश्न 1. शेर तो डर कर भाग गया| सोचो तो भेड़िए का क्या हुआ होगा?**

**उत्तर-** शेर और भेड़िए ने एक-दुसरे की पूँछ-से-पूँछ बाँध रखी थी| जब शेर दर कर भागा तो भेड़िया भी उसके साथ घिसटता हुआ गया| इससे उसका बुरा हाल हो गया| वह बुरी तरह जख्मी हो गया|

**प्रश्न 2. शेर किसान के पास कितनी बार गया था? कहानी देखे बिना बताओ?**

**उत्तर-** शेर किसान के पास दो बार गया था|

## खाली जगह में क्या आएगा?

**प्रश्न- मेरी छत पर <u>मोर</u> आया|**

**मेरी छत पर <u>मोरनी</u> आई|**
**मोर-मोरनी की तरह नीचे लिखे शब्दों के भी रूप बदलो|**

**उत्तर- औरत**– आदमी
**घोड़ा**– घोड़ी
**शेर**– शेरनी
**मछुआरा**– मछुआरन
**बच्चा**– बच्ची
**राजा**– रानी

## मैं नहीं जाऊँगा!

**प्रश्न- शेर ने बि त्तो को राक्षसी समझ लिया | वह खेत में नहीं जाना चाहता था पर भेड़िए के समझाने पर राजी हो गया | सोचो , शेर और भेड़िए के बीच क्या बातचीत हुई होगी?**

**उत्तर–** शेर – भेड़िए, तुम क्यों हँस रहे हो?
**भेड़िया–महाराज , वह** तोबित्तो थी|
**शेर–नहीं , नहीं ! वह सचमुच राक्षसी थी|**
**भेड़िया–मैंने अपनी आँखों से देखा है महाराज | वह** तो बित्तो ही थी , जिसे आपने गलती से राक्षसी ही समझ लिया था?
**शेर** – तुम सच कह रहे हो?
**भेड़िया** – हाँ, महाराज मैं सच कह रहा हूँ| आप मेरे साथ चलें|
**शेर** – **ठीक है** लेकिन तुम अपनी पूँछ मेरी पूँछ से बाँध लो|

**बोलो, तुम क्या सोचती हो!**

**प्रश्न 1. भेड़िए ने शेर को भोले महाराज क्यों कहा ? क्या शेर सचमुच भो ला था?**

**उत्तर–** शेर ने किसान की पत्नी बित्तो को राक्षसी समझ लिया था! जिस कारण डर कर भाग गया था| भेड़िए ने शेर को इसलिए भोले महाराज कहा| वास्तव में शेर सचमच भोला था तभी तो वह स्त्री को राक्षसी समझ बैठा|

**प्रश्न 2. शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँ छ क्यों बाँध ली?**

**उत्तर-** शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ इसलिए बाँध ली ताकि भेड़िया उसे फँसा कर खुद न भाग जाए| राक्षसी खाए तो दोनों को एक साथ खाए|

**प्रश्न 3. क्या शेर फि र बित् तो के खेत की तरफ गया होगा? हाँ, तो क्यों? नहीं, तो क्यों?**

**उत्तर-** शेर फिर कभी बित्तो के खेत की तरफ नहीं गया होगा, क्योंकि शेर बित्तो को सचमुच राक्षसी समझकर बहुत ज्यादा डर गया था|

**प्रश्न 4. बित्तो की हिम्मत तुम्हें कैसी लगी? अगर तुम बित्तो की जगह होती तो शेर से कैसी निपटती?**

**उत्तर-** बित्तों ने हिम्मत मुझे प्रेरणादायक लगी| अगर मैं बित्तो की जगह होती तो बित्तो की तरह नहीं करती| मैं अपने आस-पास के किसानों को इकट्ठा करती व शोर मचाते हुए खेत जाती| शोर सुनकर शेर जंगल में भाग जाता|

**राजा का राज़**
**शेर जंगल पर राज करता था|**
**मेरा राज़ किसी से न कहना|**
**राज और राज़ को बोलकर देखो|**

**दोनों के बोलने में फर्क है न?**

**प्रश्न 1. कहानी में से ऐसे ही ज़ पर लगे नुकते वाले शब्द ढूँढों|**

**उत्तर-** औज़ार फ़ौरान ज़ोर सिर्फ़ तरफ़

**प्रश्न 2. अब अपने मन से सोचकर ज़ पर लगे नुकते वाले पाँच शब्द लिखो|**

**उत्तर-** कागज़ ताज़ा ज़मानत ज़नाजा ज़्यादा

## अगर ऐसा होता तो

**प्रश्न 1. अगर तुम शेर की जगह होती तो क्या करती?**
**उत्तर-** अगर मैं शेर की जगह होती तो किसान को घर जाने का मौका ही न देती| पहले ही बैल की छलाँग लगाकर दबोच लेती| किसान डर के मारे भाग जाता|

**प्रश्न 2. अगर तुम बित्तो की जगह होती शेर से कैसे निपटती?**
**उत्तर-**अगर मैं बित्तो के स्थान पर होती तो अपने पड़ोसी किसानों को इकट्ठा करती और उनके साथ शोर मचाती हुई खेत की ओर जाती शोर सुनकर शेर भाग जाता|

## वरना.....

**प्रश्न- शेर ने किसान से कहा- अपना बैल मुझे दे दो वरना मैं तुझे खा जऊँगा| वरना शब्द का इस्तेमाल करते हुए तुम भी तीन वाक्य बनाओ|**
**उत्तर-** (1) तुम चलो! वरना लेने ले देने पड़ जाएँगें|
(2) मेरी गेंद दे दो वरना मैं फिर तुम्हारे साथ नहीं खेलूँगा|
(3) पेट भर के खाना खा लो वरना भूखे ही सोना पड़ेगा|

## हम किसी से कम नहीं

**प्रश्न- कई जगहों पर गाँवो में औरत खेतों में भी काम करती हैं| तुम्हारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ क्या-क्या काम करती है?**

**उत्तर-** हमारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ भी गाय-भैंस का दूध निकालती हैं| उन्हें चारा डालती हैं| रोज घर की साफ-सफाई करती हैं| खाना पकती हैं| बच्चों को पढ़ाती हैं व अन्य घर के कार्य करती हैं|

**शेर और घोड़ा**
**प्रश्न- शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं|**
**ध्यान से सोचकर नीचे लिखो|**

**उत्तर-**

| | **शेर** | **घोड़ा** |
|---|---|---|
| **खाना**<br>**घर**<br>**रंग**<br>**आदतें** | मांस<br>जंगल की गुफा<br>पीला, काली धारियों वाला<br>जानवरों का शिकार करना<br>दबे पाँव चलता है\| | घास<br>अस्तबल<br>काला, सफ़ेद, चितकबरा<br>स्वामीभक्त, सरपट दौड़ता है\| |

**कौन क्या है?**

**प्रश्न- नीचे दिए गए शब्दों को सही तालिका में लिखो|**

**किसान, बोतल, लता, कक्कू, केला, कलम, राजू, रानू, चूहा, नीना, शेर, जूता, चारपाई, पगड़ी, खरगोश, करेला, छलनी, बित्तो, घोड़ा, गौरया, बालटी, पिपल्क कोयल, नीम, किताब, दराँती|**
**उत्तर-**

| **जानवर** | **चीजें** | **नाम** |
|---|---|---|
| चूहा<br>शेर<br>खरगोश<br>घोड़ा<br>गौरया<br>कोयल | बोतल<br>कलम<br>केला<br>जूता<br>चारपाई<br>पगड़ी<br>करेला<br>चलनी<br>बालटी<br>किताब<br>दराँती | लता<br>कक्कू<br>किसान<br>राजू<br>रानू<br>नीना<br>बित्तो<br>पीपल<br>नीम |